**CSIR-CENTRE FOR CELLULAR AND MOLECULAR BIOLOGY**
Habsiguda, Uppal Road, Hyderabad-500 007, TS, India

**January 2025 Ph.D. Program (NOTIFICATION NO. 01/2025)**

Centre for Cellular and Molecular Biology, Hyderabad, invites applications from candidates who are Indian citizens, to pursue research in modern biology leading to a Ph.D. Degree. The projects offered for Ph.D. would be in the broad areas of Cell Biology, Molecular Biology, Genetics, Genomics, Developmental Biology, Plant Molecular Biology, Conservation Biology, Ecology, Protein Structure and Function, Biology of Macromolecules, Biology of Infection, Immunology, Epigenetics, Chromatin Biology and Bioinformatics.

## A. ELIGIBILITY CRITERIA FOR APPLYING

**Masters degree in any branch of Science with minimum 55% marks (without rounding off) or equivalent grade for General (UR)/General-EWS and minimum 50% marks (without rounding off) or equivalent grade for OBC (NCL)/SC/ST, Third gender and Persons with Disability (PwD). The applicant should have a valid National-level Fellowship (JRF/ SRF of any funding agency, e.g. CSIR, UGC, DBT, DST, etc.) or any other equivalent fellowship like DBT-BET, INSPIRE, RGNF, etc. (TENABLE AT ALL AcSIR ACADEMIC CENTRE).**

- Candidates who satisfy the above criteria may submit their applications online by **30.09.2024** through this LINK.
  https://apply.registernow.in/CCMB/phd24/

## B. SELECTION PROCESS

1. Online applications will be screened and eligible candidates will be called for a computer-based written test at one of their preferred centers, or a remote proctored online test on **13.10.2024.**
2. Candidates **qualifying** in the test and having a valid **FELLOWSHIP** for pursuing Ph.D. will be shortlisted to appear for in-person interview at CCMB in the **second/third week of November 2024**. This interview would be of two rounds across two separate days.

A valid fellowship is an **ABSOLUTE** requirement for pursuing Ph.D. at CCMB, and the eligible fellowships are:

- Any National level fellowship (JRF/SRF of CSIR, UGC, DBT, ICMR, etc.), DST-INSPIRE or any other equivalent fellowship for pursuing Ph.D.

## C. NOTE

- The applicant must first register with AcSIR and choose CSIR-CCMB Ph.D. program as one of the options before applying to CSIR-CCMB.
- The fellowship **MUST** be valid by the time of joining (January 2025).
- Candidates with lecturer-ship only in CSIR-UGC (NET) examination **will not be** shortlisted for interview.
- Candidates will have to make their **OWN** arrangements for travel, stay, etc. at the examination centre and/or in Hyderabad for interviews **(2-3 days)**. Travelling allowance is not payable by CCMB.
- Candidates qualifying both preliminary and the final interview will be selected for pursuing a Ph.D. at CCMB. Mere fulfillment of the minimum requirements stipulated in the notification would not automatically entitle a person for selection. The decision of CCMB in this regard shall be final.

Canvassing in any form and/or bringing in any influence, political or otherwise, will be treated as a disqualification.

- For inquiries, contact: academic17phd@ccmb.res.in
- **Please check the website regularly for updates.**

**सीएसआईआर-कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केन्द्र**
हब्सीगुडा, उप्पल रोड, हैदराबाद-500 007,तेलंगाना, भारत

**जनवरी 2025 पीएच.डी. कार्यक्रम (अधिसूचना संख्या.01/2025)**

कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद, उन उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है, जो भारत के नागरिक हैं और आधुनिक जीव विज्ञान में शोध करने हेतु पीएच.डी. की डिग्री लेना चाहते हैं। पीएच.डी. के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं में सेल बायोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, जेनेटिक्स, जीनोमिक्स, डेवलपमेंटल बायोलॉजी, प्लांट मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, कंजर्वेशन बायोलॉजी, इकोलॉजी, प्रोटीन स्ट्रक्चर एंड फंक्शन, बायोलॉजी ऑफ मैक्रोमौलिक्यूल्स, बायोलॉजी ऑफ इन्फेक्शन, इम्यूनोलॉजी, एपिजेनेटिक्स, क्रोमैटिन बायोलॉजी और बायोइनफॉरमैटिक्स के व्यापक क्षेत्र शामिल हैं।

**(क) आवेदन करने के लिए पात्रता**

**सामान्य अनारक्षित श्रेणी (UR)/सामान्य- आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए न्यूनतम 55% अंक (बिना पूर्णांकित किए हुए) या समकक्ष ग्रेड और अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) (OBC-NCL) /अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए न्यूनतम 50% अंक (बिना पूर्णांकित किए हुए) या समकक्ष ग्रेड के साथ विज्ञान की किसी भी शाखा में स्नातकोत्तर डिग्री। आवेदक के पास वैध राष्ट्रीय स्तर की फेलोशिप (किसी भी फंडिंग एजेंसी से जेआरएफ/एसआरएफ, (जैसे सीएसआईआर, यूजीसी, डीबीटी, डीएसटी, आदि) या कोई अन्य समकक्ष फेलोशिप जैसे डीबीटी-बीईटी, इंस्पायर, आरजीएनएफ, आदि होना चाहिए। (सभी AcSIR शैक्षणिक केंद्रों में मान्य)।**

- उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार इस **लिंक** के माध्यम से **30-09-2024** तक अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

  https://apply.registernow.in/CCMB/phd24/

**(ख) चयन प्रक्रिया**

1. ऑनलाइन आवेदनों की जाँच की जाएगी और पात्र उम्मीदवारों को उनके द्वारा चुने गए केंद्रों में से किसी एक पर कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा या रिमोट प्रॉक्टर्ड ऑनलाइन परीक्षा के लिए **13.10.2024** को बुलाया जाएगा।
2. परीक्षा में **अर्हता** प्राप्त करने वाले और पीएचडी करने के लिए वैध **फेलोशिप** रखने वाले उम्मीदवारों को **November 2024 के दूसरे/तीसरे सप्ताह में** सीसीएमबी में व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। यह साक्षात्कार दो अलग-अलग दिनों में दो राउंड में होगा।

सीसीएमबी में, पीएचडी करने के लिए एक वैध फेलोशिप **पूर्णतः** अनिवार्य है और उपयुक्त फेलोशिप के अंतर्गत:

- पीएचडी करने के लिए कोई भी राष्ट्रीय स्तर की फेलोशिप (सीएसआईआर की जेआरएफ/ एसआरएफ, यूजीसी, डीबीटी, आईसीएमआर आदि), डीएसटी-इंस्पायर या पीएचडी करने के लिए कोई अन्य समकक्ष फेलोशिप।

**(ग) नोट**

- सीएसआईआर-सीसीएमबी में आवेदन करने से पहले आवेदक को AcSIR में पंजीकरण करना होगा और विकल्प के रूप में सीएसआईआर-सीसीएमबी में पीएचडी कार्यक्रम का चयन करना होगा।

* फेलोशिप नियुक्ति के समय तक **वैध** होनी चाहिए। (जनवरी 2025 तक)
* सीएसआईआर-यूजीसी (नेट) परीक्षा में केवल लेक्चररशिप की पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट **नहीं किया जाएगा।**
* उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र और/या साक्षात्कार **(2 से 3 दिनों)** के लिए हैदराबाद की यात्रा, रहने आदि की व्यवस्था **स्वयं** करनी होगी। सीसीएमबी द्वारा यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
* सीसीएमबी में प्रारंभिक और अंतिम, दोनों साक्षात्कारों में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का पीएच.डी. करने हेतु चयन किया जाएगा। अधिसूचना में निर्धारित न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करने मात्र से कोई व्यक्ति चयन के लिए स्वतः पात्र नहीं हो जाएगा। इस संबंध में सीसीएमबी का निर्णय अंतिम होगा। किसी भी रूप में दुष्प्रचार या अन्य कोई राजनीतिक दबाव, अयोग्यता के रूप में माना जाएगा।
* पूछताछ के लिए संपर्क करें: academic17phd@ccmb.res.in
* **नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट नियमित रूप से देखें।**